श्री म— हाँ, तब भी जाना पड़ता था। अब कहाँ जाते हैं लोग? 'पञ्चाशदूर्ध्वं वनं व्रजेत्' (पचास के ऊपर वन में जाए)— यह है साधारण नियम। इसका फिर व्यतिक्रम भी है— 'यदहरेव विरजेत् तदहरेव प्रव्रजेत्' (जिस दिन वैराग्य हो, उसी दिन ही प्रव्रज्या ले ले— जाबालोपनिषद् 4)। यह है असाधारण नियम। कोई-कोई इस बात को contradiction (विरुद्ध उपदेश) कहते हैं। किन्तु यह नहीं। शास्त्र का contradiction (विरुद्ध उपदेश) जिसको कहते हैं, वह भी तो त्याज्य नहीं। कारण, मनुष्य ने नहीं कहीं ये बातें। सब भगवान का निर्देश हैं। अर्थ न समझ सकने के कारण वे ऐसी बात कहते हैं। स्थान, काल, पात्र भेद से विभिन्न व्यवस्था दी गई है।

''पचास पार होने पर वन में जाना यह व्यवस्था भी सत्य, और फिर जब वैराग्य होगा, तभी वन में जाना, यह भी सत्य।

''यह तो था साधारण नियम कि प्रथम गुरुकुल में वास करके, गुरु-सेवा द्वारा विद्या-अर्जन और चरित्र गठन करना। इसे ही student life अथवा ब्रह्मचर्य आश्रम कहते हैं। यहाँ पर कठोर discipline (अनुशासन) की शिक्षा पाता है। फिर यही जीवन्त शिक्षा लेकर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करना। यहाँ धर्मपालन, अर्थलाभ और कामभोगादि करेगा। पूर्व के आश्रम

की कठोर शिक्षा के फल से यहाँ पर पदस्खलन का भय रहते हुए भी, पच्चीस वर्ष इस आश्रम की सेवा करके तृतीय आश्रम— वानप्रस्थ ग्रहण करना। यह एक प्रकार से आजकल की retirement (अवसर ग्रहण) की तरह ही है। दीर्घकाल गृहस्थ में काजल की कोठरी में रहने के कारण मन में जो-जो दाग लग जाते हैं, उन सबको छुड़ाने की चेष्टा करता है इस आश्रम में। तत्पश्चात् मलमुक्त मन होते ही संन्यास ग्रहण करना। तब सर्वदा ईश्वर-चिन्तन में निमग्न रहेगा।

''यह हुआ साधारण नियम। किन्तु किसी-किसी के पूर्वजन्मों के संस्कार सहायता करते हैं। उसे इस जन्म में सारा circle (चक्र) घूमना नहीं पड़ता। इसके लिए ही है व्यतिक्रम। जब ही ईश्वर-चिन्तन करने की प्रबल वासना जाग्रत होगी, तब ही गृहस्थ आश्रम अर्थात् कर्मकाण्ड त्याग कर देगा। एक नियम क्या सब के लिए चलता है? जिसके जैसे संस्कार, उसको वैसा ही करना होगा।''

श्री म *(भक्तों के प्रति)*— संन्यास माने मन में त्याग। गृह में रहकर संन्यासी खूब कम, प्रायः दुर्लभ। जनकादि का हुआ था, ठाकुर ने कहा था। फिर भी जो गेरुआधारी, जिन्होंने बाहर से त्याग किया है, ceremony (संस्कार) किया है, उनसे expect (आशा) की जाती है। ठाकुर ने बताया, पंचवटी में साधु बैठा कपड़ा सिलाई करता है और गल्प करता है, फलाने बाबू ने खूब खिलाया— हलुआ, जलेबी, कचौरी (सब का हास्य)। इनका बाहर से त्याग हुआ है; भीतर से नहीं। (डॉक्टर के प्रति) क्या है गीता में?

डॉक्टर कार्त्तिक— न कर्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते।
न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति॥
कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते॥

[कर्मों को आरम्भ ही न करने से मनुष्य निष्कर्मता को प्राप्त नहीं होता। न ही (कर्मों को) छोड़ने मात्र से सिद्धि प्राप्त करता है। कर्मेन्द्रियों पर नियन्त्रण करके भी जो मूढ़ मनुष्य इन्द्रियों के विषयों का मन से चिन्तन करता रहता है, वह मिथ्याचारी कहलाता है। — गीता 3:4, 6]

— श्री म दर्शन, तीसरा भाग, पृष्ठ 113-146

माँ की बातें माँ के ही मुख से

आज है शनिवार, 22 सितम्बर, 1923 ईसवी, 5वाँ आश्विन, 1330 (बंगला) साल।

श्री म बोल रहे हैं, माँ कहती हैं— promise (प्रतिज्ञा) करती हुईं :

1. ठाकुर के जो शरणापन्न हैं, अन्ततः मृत्यु के समय ही चाहे क्यों न हो, ठाकुर को उनके निकट दर्शन देना ही होगा।

2. देहधारण करने पर दुःख-कष्ट तो हैं ही। विधाता की भी इनको रोकने की क्षमता नहीं। तो भी शान्ति चाहते हो तो साधन, भजन करो।

3. मृत्यु कब आएगी, उसका जब निश्चय नहीं है, तब फिर काल-अकाल विचार करके बैठे रहने से तो अच्छा है जितना शीघ्र हो, तीर्थ करना।

4. कर्म समाप्त क्यों नहीं होते, इस प्रश्न के उत्तर में माँ ने कहा है— लाटाई पर बहुत सूत है। वह सब उतरेगा तभी तो खाली होगा।

5. ठाकुर ने एक दिन के लिए भी मुझे कष्ट नहीं दिया।

श्री म ने ये पञ्चरत्न उपहार में देकर भक्तों से कहा— ''आप बोलिए जिसको जो याद है, माँ की वाणी।'' एक-पर-एक भक्त बोलने लगे :

6. (ठाकुर के शरीरत्याग के पश्चात्) वृन्दावन जाते समय मुझे ठाकुर का इष्ट कवच पूजा करने के लिए (ठाकुर ने) बोला था, रेल के पायदान पर खड़े होकर।

7. ठाकुर को मेरे लिए चिन्ता हुई थी। कहा था, गाँव की लड़की (दक्षिणेश्वर) आकर न जाने कितना लज्जित करेगी। मैंने माँ से (जगन्नाथ से) प्रार्थना की थी। जभी कुछ नहीं हुआ।

8. सात बार स्वप्न देखकर एक भक्त श्री हट्ट से (मुझे) देखने आया था।

9. ठाकुर अपने कक्ष में भक्तों के संग नृत्य, कीर्तन किया करते। मैं नहबत से बेड़े के झरोखे से खड़ी-खड़ी देखा करती।

10. देखने में सुन्दर, धनी लोगों के संग ठाकुर कभी-कभी बाग में टहलते। फिर आकर मुझे पूछते, बताओ तो कौन सुन्दर है?

11. नहबत के उसी छोटे कमरे में सब चीज बस्त रहतीं। भक्त स्त्रियाँ— गौरदासी, योगेन, गोलाप— ये भी कभी-कभी मेरे संग उसी कमरे में ही रहतीं। और उस पर फिर घर में ही टीन में जीवित मछलियाँ कलकल करतीं। उतने छोटे-से कमरे में रहते हुए भी मुझे कोई कष्ट-बोध नहीं था केवल पाखाना छोड़। प्रातः शौच का दबाव होता तो रात को (अँधेरे, अँधेरे) ही जाया करती गंगा के किनारे।

12. मेरे पास इतना काम था, तब भी ठाकुर छीका बनाने के लिए पटसन मँगवा दिया करते। कहते 'सन्देश' रखने होंगे, एक छीका बना दो। आलसी बनकर बैठे रहने से स्त्रियों के मन में कुभाव आता है। जभी तो वैसा करते थे लोकशिक्षा-जन्य।

13. पुरी में ठाकुर की छवि के निकट घी का टीन था। घर का दरवाज़ा बन्द करके मैं मन्दिर गई थी। लौटकर कमरा खोल कर देखती हूँ टीन पर चींटियाँ चढ़ रहीं हैं और ठाकुर की छवि भूमि पर लेटी हुई है।

14. ठाकुर मातृभाव खूब पसन्द करते थे। लोकशिक्षा के लिए तभी तो मुझे रखा है।

15. अल्प वयसी सुन्दरी विधवाओं को किसी भी पुरुष का विश्वास नहीं करना चाहिए, बाप-भाई का भी नहीं।

16. कितने गर्भपात किए हैं, अथवा बीस-पच्चीस सन्तानें प्रसव की हैं, ऐसे सब असंयमी या रुग्ण जनों के द्वारा (पाद) स्पर्श करने से ही तो रोग है। नहीं तो इस शरीर को और फिर रोग कैसा?

17. ठाकुर से कहा था, एक भी लड़का नहीं है, कैसे मैं दिन काटूँगी। उन्होंने प्रबोध देकर कहा था, एक ही लड़के के लिए तुम सोचती हो। कितने ही अमूल्य धन लड़के आएँगे इसके पश्चात्। अब वही देख रही हूँ।

18. कामारपुकुर में लाहाओं की बाड़ी से लक्ष्मीपूजा के दिन माँ लक्ष्मी आईं थीं। ठाकुर की माँ ने पहचान न सकने के कारण विदा कर दिया। तो भी माँ लक्ष्मी बोली थीं, 'मेरी दृष्टि वैसी ही रहेगी।' इसीलिए कामारपुकुर में मोटे भात और कपड़े का अभाव नहीं होता।

19. दिन जाने पर रात आती है, रात जाने पर दिन आता है, इसी सन्धि-क्षण में जप, ध्यान करना चाहिए नियमित भाव से। कारण, किस समय सुसमय आ पड़े!

20. ठाकुर सब खाते हैं; जो दो, सब ही खाते हैं। फिर भी किसी को अच्छी तरह खा लेते हैं, किसी पर दृष्टि-भोग; अथवा किसी का मात्र स्पर्श ही करते हैं! ठाकुर ने खाया अथवा नहीं खाया, वह क्या मैं देखती नहीं? वे न खाएँ तो क्या मैं खा सकती हूँ? वे खाते हैं। उनके चक्षु से एक ज्योति आकर सब रस शोषण कर लेती है। उसके पश्चात् उनके अमृतहस्त के स्पर्श से दुबारा फिर समस्त पूर्ण हो जाता है।

21. जिस स्थान पर उनकी पूजा होती है या कथा होती है, अथवा उनका 'पीठ' (पवित्र स्थान) होता है, वहाँ पर उनकी दृष्टि रहती है।

22. ठाकुर का शरीर खूब मोटा था और खूब सुन्दर था। पीढ़े पर बैठने से समाता नहीं था।

23. षोडशी पूजा हुई थी गंगाजल के मटके के पास।

24. कामारकुपुर में मैदान में मैं सूखा गू कुचल कर आ जाया करती। बाड़ी आकर 'श्री विष्णु' 'श्री विष्णु' कहकर शुद्ध हो जाती।

25. मठ आजकल का बड़ा तीर्थस्थान है। योगेन के असुख में वृन्दावन में मुझे बड़ी चिन्ता हो गई थी।

26. काशीपुर में ठाकुर को खिला दिया करती थी। एक बार पैर में मोच आ जाने के कारण कई दिन जा नहीं पाई ऊपर। हाथ में नथ दिखलाकर नरेन्द्र को इंगित से बोले थे, 'टोकरी में रखकर ले आ ना!' रसिक पुरुष थे ठाकुर।

27. कभी-कभी दो-दो मास पश्चात् ठाकुर के दर्शन कर पाती थी।

28. माँ कहती हैं, जिनका नाम ज्ञात है, उनके लिए जप करती हूँ। जिनका नाम नहीं पता उनके लिए ठाकुर से यह कह कर प्रार्थना करती हूँ, 'ठाकुर' मेरी अनेक सन्तानें हैं, कौन कहाँ है मैं नहीं जानती। तुम उन सबका मंगल करो।'

29. (भाटपाड़ा के) बड़े ललित बाबू ने कहा, माँ, जप-ध्यान मैं तो नहीं कर सकूँगा। माँ बोलीं, अच्छा, तुम्हें कुछ भी करना नहीं होगा।

30. 'जुगीपाड़ा' से पूजा के समय चीज़-बस्त आने पर औरों ने ली नहीं, किन्तु मैंने ले ली थीं और बरामदे में रखने के लिए कह दिया था।

31. एक भक्त पागल हो गया था। उसने माला लौटा दी थी। मन्त्र भी वापिस देना चाहता था। माँ बोलीं, 'वह क्या वापिस लिया जाता है, बच्चे?'

32. जिसने मन्त्र पा लिया है, जो ठाकुर के शरणापन्न है, उसका ब्रह्मशाप भी कुछ नहीं कर सकता।

33. अन्तिम समय ठाकुर को उन्हें दर्शन देना ही पड़ेगा जो उनके शरणागत हैं।

34. ठाकुर बोले, घर में रहने से ही होगा। स्वामीजी बोले, संन्यास न होने से होगा नहीं। यह विरोध क्यों? इस प्रश्न के होने पर माँ बोलीं, विरोध नहीं, दोनों जन एक बात ही बोले हैं। घर में जो रहेंगे, उनके मन में संन्यास होगा। अनासक्त होकर उन्हें संसार करना होगा।

35. निद्रित व्यक्ति खाट पर सोया पड़ा है। खाट समेत उसे अन्य स्थान पर ले जाया गया। निद्रा भंग होने पर वह क्या हठात् समझ सकेगा कि अन्य स्थान पर आ गया है? वैसे ही गृहस्थ में रहते हुए मोह-निद्रा टूटे बिना समझ में नहीं आता कि माया, मोह से कितना आगे बढ़ चुका है या भली प्रकार बढ़ रहा है।

36. प्रश्न हुआ, कैसे ईश्वर-लाभ होता है। माँ बोलीं, किसी प्रकार से भी नहीं, किसी प्रकार भी उन्हें पाया नहीं जाता। फिर भी यदि उनकी कृपा हो जाए, तब ही होता है।

37. एक दिन माँ बोलीं, मेरा ध्यान करने से ही होगा। बात हठात् उलट कर फिर बोलीं, ठाकुर का ध्यान करने से ही होगा।

श्री म *(भक्तों के प्रति)*— कहती हैं, ठाकुर और मैं एक। यह बात स्पष्ट करके पहले भी बोली है, ठाकुर और मैं अभेद।

38. एक भक्त ने आत्महत्या की थी। एक जन ने कहा, इससे उसका

बुरा होगा। माँ सुनकर बोलीं, 'नहीं, बुरा नहीं होगा, ईश्वर के लिए जो की है।'

39. दुर्गाचरण (नाग महाशय) को खूब मिर्चें देकर चच्चड़ि (सूखी भाजी) बना देने के लिए ठाकुर ने कहा। तैयार होने पर ठाकुर ने जीभ से छूकर तनिक खाई, तब फिर दुर्गाचरण ने प्रसाद पाया।

40. मास्टर (श्री म) की पुस्तक (कथामृत) में मानो ठाकुर ही बातें कर रहे हैं। मास्टर ने एक हजार रुपया दिया था घर बनवाने के समय। अब भी महीना-महीना तीस-पैंतीस रुपया देता है।

— श्री म दर्शन, तीसरा भाग, पृष्ठ 133

स्वामी विवेकानन्द-विषयक बातें

स्वामीजी ने मठ क्यों किया

श्री म *(संन्यासियों के प्रति)*— स्वामीजी ने मठ क्यों किया? आहा, क्या-क्या जो कष्ट पाए हैं उन्होंने! सारा भारतवर्ष घूमकर साधुओं का कष्ट देखकर मठ बनाया; जिससे लड़के एक मुट्ठी खाकर निश्चिन्त होकर उनका चिन्तन कर सकें। जानते थे लड़के यह कष्ट नहीं सह सकेंगे। जभी मठ। अमेरिका में ही कुछ कम कष्ट हुआ? आहार नहीं, वासस्थान नहीं, वस्त्र नहीं, शीत सामने। कोई परिचित भी नहीं और फिर पॉकेट (जेब) खाली।

स्वामीजी का प्रधान अवदान

''यदि कोई कहे, स्वामीजी ने क्या किया है? एक बात में उसका उत्तर है, भारत की हिप्नोटिज्म (मोहनिद्रा) तोड़ गए हैं। यही है उनका प्रधान अवदान। फिर उन्होंने ही सर्वप्रथम अंग्रेज़ी के द्वारा वेदान्त का गूढ तत्त्व, भारत की सभ्यता का प्रचार किया। यही फर्स्ट टाइम। उनकी भाषा कैसी ओजस्विनी! प्रत्येक ही लाइन मानो बातें करती है, ऐसी जीवन्त! कैसे अध:पात में यह देश गिर गया था। लड़कियाँ तक बिगड़ गई थीं अंग्रेज़ों के आदर्श से। कम दुर्गति? स्वामीजी ने उसका क्या किया? अंग्रेज़ को देखकर

हम भय से काँपते थे, स्वामीजी ने वह भय दूर किया। उन्हीं अंग्रेज़ों ने आकर फिर उनके पाँव का जूता बाँध दिया। स्वामीजी गंगा में स्नान करने जाते हैं, वे लोग आकर उनका शरीर अँगोछे से रगड़ देते हैं। और फिर अंग्रेज़ महिलाएँ हुक्का सजा देतीं!

''अमेरिका के थाउजेण्ड आइलैंड्स पार्क में कोई-कोई उनके दर्शन करने गए थे। उन्होंने कहा था, 'We have come to you with the same regards with which we would have gone to Christ if he would be living today.' (क्राइस्ट यदि आज जीवित होते तो उनके पास जिस श्रद्धा से हम जाते, उसी श्रद्धा से ही आपके पास आए हैं।) अर्थात् आप ही हमारे क्राइस्ट हो— You are the Christ to us! वे तब फिर और आपत्ति नहीं कर सके। कैसी गम्भीर श्रद्धा!

''स्वामीजी ने स्वयं कहा है, ठाकुर मेरी गर्दन पकड़कर सब काज करवा ले रहे हैं। ठाकुर जो अवतार हैं, इसका प्रमाण बाहर से कुछ देखना हो तो स्वामी जी का wonderful life (अलौकिक जीवन) है। और सबसे बड़ा प्रमाण है ठाकुर के निज मुख की वाणी। वे निज बोले हैं, 'मैं अवतार।'

''एक समय भारत के लोग मन में सोचते थे, अंग्रेज़ों का सब ही अच्छा है। What Shakespeare says (शेक्सपीयर ने क्या कहा है) मिल, जेम्स— इन सब की खूब दुहाई देते। स्वामीजी ने वह तोड़ दिया। मुझे लगता है, जेम्स भी अन्त में बोले थे, life (जीवन) की problems solve (समस्या का समाधान) एकमात्र वेदान्त करता है और कोई नहीं। आहा, कैसी शक्तिशाली भाषा है स्वामीजी की! मृत शरीर में प्राण संचार कर देती है! कारलाइल (Carlyle) की भाषा भी उसके पास नहीं ठहरती। स्वामीजी भारत की दृष्टि-शक्ति को अपने अतुल आध्यात्मिक ऐश्वर्य की ओर आकृष्ट कर गए हैं— यही है स्वामीजी का अवदान।''

— श्री म दर्शन, तीसरा भाग, पृष्ठ 194-196

भविष्य-द्रष्टा स्वामी विवेकानन्द

आज के युग के अवतार ठाकुर श्रीरामकृष्ण परमहंस के अन्तरंग शिष्य नरेन्द्रनाथ, स्वामी विवेकानन्द के विषय में श्रीरामकृष्ण कहा करते : ''सभी भक्तों में कोई षट्दल कमल है, कोई अष्टदल, पर नरेन (नरेन्द्र) सहस्रदल कमल है।'' स्वामी विवेकानन्द एक ऐसे आधार हैं, ऐसी बुनियाद हैं जिस पर भारत का विराट सांस्कृतिक महल खड़ा है। अपने अन्तिम समय में ठाकुर श्रीरामकृष्ण ने कहा था : 'नरेन शिक्षा दिबे' अर्थात् नरेन (जगत् को) शिक्षा देगा। यही नहीं, यह बात उन्होंने दीवार पर लिख भी दी थी।

आगे हुआ भी ऐसा ही। वर्ष 1893 में शिकागो (अमेरिका) में हुए विश्व धर्म सम्मेलन में दिए अपने भाषणों के माध्यम से उन्होंने भारत की वैभवशाली सांस्कृतिक परम्पराओं की

ध्वजा पताका पूरे विश्व में फैलाई।

ज्ञान, भक्ति, कर्म और राजयोग— इन चारों योगों में पूरी तरह प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानन्द के लिए संसार में कुछ भी अनजाना नहीं था। ठाकुर की भान्ति वे भी किसी भी व्यक्ति का अतीत, वर्तमान और भविष्य, सब जान सकते थे, बता सकते थे। वे एक ऋषि थे, युग-द्रष्टा। किसी के भी भविष्य में झाँक लेना उनके लिए साधारण-सी बात थी। इस लेख में वर्णित घटना उनके इसी गुण की ओर इंगित करती है।

हुआ यूँ कि श्री म ट्रस्ट के सचिव श्री नितिन नन्दा स्वामी शिवसेवानन्द* से मिलने उन द्वारा संचालित 'श्रीरामकृष्ण तपोवनम्' आश्रम में साधुपुल (हिमाचल) गए हुए थे। स्वामीजी की महिमा पर बात करते-करते स्वामी शिवसेवानन्द ने उन्हें 'योगी कथामृत: एक योगी की आत्मकथा' (परमहंस योगानन्द) में से एक अध्याय 'मैं पुन: पश्चिम लौटा' पर आधारित एक कथा सुनाई। स्वामी विवेकानन्द के दर्शनों के पश्चात् परमहंस योगानन्द के प्रिय शिष्य श्री डिकिन्सन को हठात् वर्षों पुरानी घटना स्मरण हो आई और वे सोचने लगे— इन्होंने ही मुझे डूबने से बचाया था और अवश्य ही ये (स्वामी विवेकानन्द) मेरे गुरु होना स्वीकार कर लेंगे। स्वामीजी तुरन्त उसके मन की बात ताड़ गए और बोले— ''नहीं, मैं तुम्हारा गुरु नहीं हूँ। भविष्य में एक व्यक्ति तुम्हें चाँदी का एक गिलास देंगे। वे ही तुम्हारे गुरु होंगे।'' यह घटना सितम्बर, 1893 की है। भविष्य में श्री डिकिन्सन को चाँदी का गिलास देने वाले उनके गुरु थे स्वामी योगानन्द।

यह समस्त घटना श्री नितिन नन्दा ने मुझे सुनाई तो मन में हुआ क्यों ना 'नूपुर' के माध्यम से अन्य जन भी स्वामी

---

* रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द छात्रावास, चण्डीगढ़ के पूर्व इंचार्ज स्वामी

विवेकानन्द के जीवन के साथ जुड़ी इस घटना को जानें। प्रस्तुत है उक्त घटना को दर्शाते हुए कुछ अंश 'एक योगी की आत्मकथा के अध्याय 'मैं पुनः पश्चिम लौटा' में से।

—सम्पादक

परमहंस योगानन्द लिखते हैं :

....

''प्रति वर्ष लॉस ऐंजेल्स केन्द्र में बड़े दिन का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर 24 दिसम्बर (आध्यात्मिक क्रिसमस) को आठ घण्टे तक सामूहिक ध्यान और दूसरे दिन 25 दिसम्बर (सामाजिक क्रिसमस) को भोज का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष (सन् 1936) के उत्सव में भाग लेने और तीन विश्व यात्रियों के पुनः घर लौट आने पर स्वागत करने के लिए दूर-दूर से परम प्रिय मित्रों तथा छात्रों के आ जाने से काफी उत्साह आ गया था।

''बड़े दिन के भोज में पन्द्रह हजार मील से इस शुभ अवसर के लिए लाए गए पदार्थों का समावेश था। कश्मीर से गुच्छी, डिब्बाबन्द रसगुल्ला और आम का रस, पापड़ और आइसक्रीम को सुगन्धित करने के लिए केवड़ा-जल। सन्ध्या-समय हमलोग एक विशाल 'क्रिसमस वृक्ष' को घेर कर बैठ गए। निकटस्थ अग्निकुण्ड में साइप्रस की सुगन्धित लकड़ी जल रही थी और उसकी सुगन्ध हवा में फैल रही थी।

''उपहार-वितरण का समय आ गया! फिलिस्तीन, मिश्र, भारत, इंग्लैण्ड, फ्रान्स, इटली आदि विश्व के सुदूर देशों से लाई गई नाना प्रकार की वस्तुओं का उपहार! हर विदेशी जंक्शन पर श्री राइट ने ट्रंकों को यत्न के साथ गिन-गिन कर सम्भालने में कितना परिश्रम किया था, ताकि अमेरिका के प्रिय आत्मीय जनों के लिए खरीदी गई सौगातें किसी अन्य के हाथ न लग जाएँ! पुण्यभूमि फिलिस्तीन से पवित्र जैतून वृक्ष का धातुचित्र, बेल्जियम और हॉलैण्ड से सूक्ष्म कारीगरीयुक्त गोटे और जरी के वस्त्र, ईरान के गलीचे, बारीक बुनावट वाले कश्मीरी शाल, मैसूर से सतत सुगन्धवाली चन्दन की तश्तरियाँ, मध्यप्रान्त से 'शिव के नन्दी की आँख' के नाम से परिचित

कीमती पत्थर, दीर्घकाल पूर्व लुप्त भारतीय राजवंशों के सिक्के, रत्नखचित फूलदानियाँ और प्यालियाँ, सूक्ष्म चित्र, दीवार के चटकीले पर्दे और धूप, अगरबत्ती, अगरु चन्दन आदि, स्वदेशी छींट, लाख के काम की वस्तुएँ, मैसूर से हाथी-दाँत की नक्काशीवाली वस्तुएँ, ईरान से लम्बी नोकवाली जूतियाँ, प्राचीन सचित्र पाण्डुलिपियाँ, मखमल, कमरबाब, गांधी-टोपियाँ, मिट्टी के बर्तन, पटिया (Tiles), पीतल के बर्तन, प्रार्थना करने के लिए ऊनी आसन— तीन महाद्वीपों से संचित निधि!

''पेड़ के नीचे सुन्दर ढंग से बँधी गठरियों की एक विशाल ढेरी में से मैंने एक-एक करके गठरियाँ वितरित कीं।

....

''श्री डिकिन्सन!'' इस दूसरे पैकेट में रखा उपहार मैंने कलकत्ता में खरीदा था। उस समय मैंने सोचा था : ''श्री डिकिन्सन को यह बहुत पसन्द आएगा।''

मेरे एक प्रिय शिष्य श्री ई०ई० डिकिन्सन 1925 में माउण्ट वाशिंगटन केन्द्र की स्थापना के बाद से बड़े दिन के प्रत्येक उत्सव में उपस्थित रहते थे। इस ग्यारहवें उत्सव के समय वे मेरे सामने खड़े उस चौकोर बॉक्स के फीते खोलने लगे।

''चाँदी का गिलास!'' अपने संवेगों को थामते हुए उन्होंने मेरे उस उपहार को, जो पानी पीने का एक लम्बा गिलास था, एकटक देखा। वे कुछ दूरी पर जा बैठे। वे स्पष्ट रूप से विस्मय-विमुग्ध थे। सान्ता क्लॉज का कर्त्तव्य (उपहार देने का कार्य) पुनः प्रारम्भ करने से पूर्व उनकी ओर स्नेहभरी दृष्टि से देखते हुए मैं मुस्कुरा उठा।

सर्व दानों (उपहारों) के दाता भगवान् की प्रार्थना के साथ कलरव-मुखरित सान्ध्य उत्सव समाप्त हुआ। तत्पश्चात् क्रिसमस के आनन्द-गीतों का सामूहिक गान चलता रहा।

कुछ समय बाद श्री डिकिन्सन और मैं, दोनों बातें कर रहे थे।

''गुरु जी, चाँदी के गिलास के लिए आप मेरा हार्दिक धन्यवाद

स्वीकार करें। उस बड़े दिन की रात में आपको धन्यवाद देने के लिए मुझे शब्द नहीं मिल पाए थे।''

''मैं तुम्हारे लिए विशेष रूप से वह उपहार लाया था।''

''तैंतालीस वर्ष तक मैं उस रजत-पात्र के लिए प्रतीक्षा करता रहा हूँ! यह एक लम्बी कहानी है— ऐसी कहानी जिसे मैंने कभी किसी को नहीं बताया।'' श्री डिकिन्सन मेरी ओर सलज्ज भाव से देख रहे थे। उन्होंने कहा :

''आरम्भ नाटकीय था। मैं पानी में डूब रहा था। नेब्रास्का नामक छोटे-से शहर में मेरे बड़े भाई ने मुझे खेल-खेल में 15 फुट गहरे तालाब में ढकेल दिया था। उस समय मैं केवल पाँच वर्ष का था। मैं दुबारा पानी के नीचे डुबकी खाने ही वाला था कि हठात् एक बहुरंगी तीव्र प्रकाश प्रकट हो गया। सारा स्थान उससे भर गया। उस प्रकाश के बीच में एक मानवाकृति थी— प्रशान्त दृष्टि और अभय-प्रदायिनी हँसी! मेरा शरीर तीसरी बार पानी में डुबकी खाने लगा था। तभी मेरे भाई के एक साथी ने पास में खड़े एक वृक्ष की कोमल डाली को इस प्रकार नीचे झुका दिया कि वह मेरी पकड़ में आ गई। लड़कों ने मुझे पकड़ कर जल से निकाल लिया और किनारे पर रख कर प्राथमिक उपचार करके मुझे ठीक कर दिया।

''बारह वर्ष बाद, सत्रह वर्ष की आयु में मैं अपनी माँ के साथ शिकागो गया। यह 1893 ईसवी की घटना है। उस समय 'विश्व-धर्म संसद्' का महान् अधिवेशन चल रहा था। माँ के साथ मैं सड़क पर पैदल ही जा रहा था कि मुझे पुनः उसी प्रकार का प्रकाश दिखायी पड़ा। कुछ ही कदम दूर वही व्यक्ति आराम से टहलता दिखायी पड़ा, जिसका मैंने वर्षों पहले डूबते समय दर्शन किया था। वह व्यक्ति विशाल सभागृह के पास पहुँचते ही उसके दरवाजे में घुस कर अदृश्य हो गया।

''मैं चीख उठा : 'माँ, यह वही व्यक्ति है, जिसका मैंने पानी में डूबते समय दर्शन किया था।'

''माँ और मैं झटपट सभागृह में जा पहुँचे। उक्त व्यक्ति व्याख्यान-मंच पर बैठा हुआ था। हमें यह ज्ञात होते देर नहीं लगी कि वे भारत के स्वामी

विवेकानन्द हैं। उनकी वक्तृता अत्यन्त हृदयग्राही थी। उनका व्याख्यान समाप्त होने के बाद उनके साथ साक्षात्कार करने के लिए मैं आगे बढ़ा। उन्होंने मुझे देखकर इस तरह मधुर हास्य किया, मानो हम दोनों पुराने मित्र हों। उस समय मैं इतना छोटा था कि हृदय का भाव कैसे व्यक्त करूँ, यह ज्ञात नहीं था। पर मन ही मन मैं यह आशा सँजोए हुए था कि वे मेरे गुरु बनना अवश्य स्वीकार कर लेंगे। उन्होंने मेरे मनकी बात पढ़ ली।

''स्वामी विवेकानन्द ने अपनी सुन्दर और हृदयभेदी दृष्टि से मेरे नेत्रों में देखते हुए कहा : 'नहीं बेटा, मैं तुम्हारा गुरु नहीं हूँ। तुम्हारे गुरु बाद में आएँगे। वे तुम्हें चाँदी का एक गिलास देंगे।' इसके बाद उन्होंने तनिक रुक कर सहास्य कहा : 'उनमें तुमको उससे कहीं अधिक ज्ञानरूपी आशीर्वाद प्राप्त होगा, जितना वहन करने में तुम इस समय समर्थ हो'।''

श्री डिकिन्सन का कथन जारी रहा : ''चन्द दिनों के बाद ही मैं शिकागो से लौट आया। महान् विवेकानन्द का मैं पुनः दर्शन नहीं कर सका। किन्तु उनके द्वारा उच्चरित एक-एक शब्द मेरी अन्तश्चेतना के पट पर अमिट रूप से अंकित हो गया। वर्ष पर वर्ष बीतते गए, पर मेरे गुरु का आगमन नहीं हुआ। 1925 ईस्वी में एक दिन रात को मैंने हृदय से प्रार्थना की कि भगवान्, मेरे गुरु को मेरे पास भेज दो। कुछ ही घण्टों बाद संगीत का मधुर रव सुनकर मेरी नींद खुल गयी। बाँसुरी एवं अन्य वाद्यवृन्द के साथ स्वर्गीय देवदूतों का एक दल मेरे नेत्रों के समक्ष आविर्भूत हो गया। मधुर संगीत-लहरी से वायुमण्डल को गुञ्जित करके देवदूतों का दल धीरे-धीरे अदृश्य हो गया।

''दूसरे दिन सायंकाल पहली बार मैंने यहाँ लॉस ऐंजेल्स में आपका व्याख्यान सुना और तब मैं जान गया कि मेरी प्रार्थना स्वीकृत हो गई है।''

एक-दूसरे को देखते हुए हम दोनों ने मौन हास्य किया।

श्री डिकिन्सन ने कहा : ''गत ग्यारह वर्षों से मैं आपका 'क्रिया-योग' का शिष्य हूँ। कभी-कभी चाँदी के गिलास की बात सोच-सोच कर मुझे आश्चर्य भी होता था। मैंने अपने मन को समझा लिया था कि स्वामी विवेकानन्द के शब्द रूपक मात्र थे।

''किन्तु बड़े दिन की उस रात को जब 'क्रिसमस वृक्ष' के पास आपने मुझे वह छोटा-सा बॉक्स दिया, तब अपने जीवन में तीसरी बार मुझे उस तीव्र प्रकाश के पुनः दर्शन हुए। दूसरे ही क्षण मैं अपने गुरु के उस उपहार को देख रहा था, जिसे स्वामी विवेकानन्द ने तैंतालीस वर्ष पहले* ही देख लिया था— चाँदी का गिलास!''

[एक योगी की आत्मकथा— परमहंस योगानन्द में से साभार]

प्रस्तुति : डॉ० निर्मल मित्तल

---

* श्री डिकिन्सन स्वामी विवेकानन्द जी से सितम्बर 1893 में मिले थे— उसी वर्ष जब परमहंस योगानन्दजी ने जन्म लिया था (5 जनवरी)। विवेकानन्द जी इस बात से स्पष्टतया अवगत थे कि योगानन्दजी पुनः अवतरित हुए हैं और ये भारत की शाश्वत शिक्षा का प्रचार करने अमेरिका जाएँगे। — प्रकाशक

माँ ईश्वरदेवी गुप्ता अपने गुरु महाराज स्वामी नित्यात्मानंद जी के साथ

श्रीमती प्रवेश बजाज के कुछ संस्मरण

श्रीमती प्रवेश बजाज को अनेक वर्षों तक श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता एवं अपने गुरु स्वामी नित्यात्मानन्द के संग-लाभ का, स्वामी जी की सेवा का विशेषत: उनके अन्तिम समय में, 1974-75 में उनकी पञ्चभौतिक देह की सेवा-सुश्रूषा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ठाकुर कहा करते : भक्त के सब पत्र पुराण। साधु भक्तों की चिट्ठी पढ़ने से ईश्वर का उद्दीपन होता है। सोचा, श्रीमती प्रवेश बजाज की बातों से कदाचित् हमें भी वैसा ही उद्दीपन हो, अत: उनसे मिलने की, उन्हें देखने की, उनसे कुछ बातें करने की उत्कण्ठा थी। अत: 16 अप्रैल, 2017; रविवार के दिन मैं और डॉ० नौबत श्रीमती प्रवेश बजाज से मिलने उनके चण्डीगढ़ के 11 सैक्टर स्थित निवास स्थान पर गए। समय प्रात: ग्यारह का।

वे विगत कुछ वर्षों से श्रीमत् स्वामी शिवसेवानन्दजी* द्वारा संचालित 'श्रीरामकृष्ण तपोवनम्' आश्रम में रह रही थीं। अभी कुछ महीने पहले वे अपनी बहू (रत्ना) व बेटा (राजीव) के आग्रह पर अपने उक्त चण्डीगढ़-निवास में रहने आई थीं।

लगभग एक महीना पहले श्री आशीष दास गुप्ता जी व उनकी पत्नी अनुराधा जी यहाँ निर्जनवास हेतु कलकत्ता से चण्डीगढ़ आए हुए थे अपने गुरु-गृह 579/18-बी में। एतदर्थ उन्होंने यहाँ प्राय: तीन मास एकान्त-वास किया। बंगला श्री म दर्शन के रिप्रिंट-कार्य में दोनों जन पूरी निष्ठा से जुटे हैं, प्रसन्न मन से। उन्होंने इच्छा प्रकट की— प्रवेश माता जी यहाँ चण्डीगढ़ में आई हुई हैं। उनसे मिलने की इच्छा है। इच्छा तो मेरी भी थी, नौबत भैया की भी। नौबत जी रोहतक से आए हुए थे यहाँ। हम दोनों का श्री म दर्शन भाग दो, तीन के रिप्रिंट का कार्य चल रहा था।

* श्रीरामकृष्ण मिशन आश्रम, चण्डीगढ़ के छात्रावास के पूर्व इंचार्ज स्वामी।

हम सभी ने 15 अप्रैल को मन बनाया, प्रोग्राम बनाया कि कल यानी 16 को प्रवेश जी के घर चलेंगे उनसे मिलने। फोन पर बात करके श्रीमती बजाज से दो दिन पहले ही तय कर लिया था कि रविवार को किसी समय आपसे मिलने आएँगे। फोन पर बात मेरी ही हुई थी। प्रोग्राम बन गया। पर 15 तारीख को अनुराधा जी के पैर में सूजन-दर्द। अत: वे दोनों साथ न आ पाए। मैं और नौबत भैया ही गए।

प्रवेश जी के बेटे राजीव हमें घर के बाहर ही मिल गए। वे ही हमें भीतर बैठक-कक्ष में ले गए। बहू रत्ना हमें मिलने आईं। कल मेरे हुए फोन से दोनों जान गए कि हम प्रवेश जी से मिलने आए हैं। थोड़ी ही देर में व्हील चेयर में एक सेविका उन्हें कक्ष में लाकर छोड़ गईं। रत्ना जी वहाँ थी हीं। नौबत जी ने और मैंने बारी-बारी से उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने हमें पहचान लिया और हमें अपना प्यार-आशीर्वाद दिया।

प्रारम्भिक वार्तालाप से मुझे विश्वास हो गया कि इनसे कुछ बातें की जा सकती हैं, कुछ प्रश्न किए जा सकते हैं और प्रारम्भ हो गए मेरे प्रश्न, उनके उत्तर।

नौबत भैया के हाथ में मैंने अपने पर्स से निकाल कर एक नोट-बुक थमा दी। पेन उनके पास था ही। मेरे प्रश्न और प्रवेश जी के उत्तर वे सब नोट करते गए।

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता को जगबन्धु महाराज (स्वामी नित्यात्मानन्द जी) 'मम्मी' कहा करते। सब भक्त भी उन्हें 'मम्मी' ही बुलाते।

स्वामी नित्यात्मानन्द जी को मम्मी— श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता प्रथम बार 1958 में मिली थीं, पहली बार उन्होंने स्वामी जी का प्रवचन सुना था टाण्डा उड़मुड़ में। प्रवचन के बाद कुछ प्रश्न भी किए थे उन्होंने महाराज से और उन्हें भरोसा हो गया था कि मेरी जिज्ञासाओं का समाधान यहाँ से हो सकता है। 1959 में वे पुन: इन स्वामी जी से मिलीं और 1960 से तो महाराज प्राय: श्रीमती गुप्ता व उनके पति प्रो० धर्मपाल गुप्ता के साथ ही रहे तथा उन्होंने 'गुप्ता-निवास' को ही श्री म ट्रस्ट का ऑफिस बना लिया। यूँ तो स्वामी जी देश भर में फैले अपने भक्तों के घरों में व तपस्या हेतु ऋषिकेश

रहते; पर वर्ष में 3-4 महीने गुप्ता-निवास में भी रहते। मैंने पूछा :

प्रश्न : महाराज ने 'मम्मी' में क्या देखा कि वे उनके घर ही रह गए।

उत्तर : मम्मी इतनी बड़ी शक्ति! कितना धैर्य उनमें! महाराज को विश्वास हो गया था कि उनके बंगला श्री म दर्शन का प्रकाशन व उसका हिन्दी-अनुवाद तथा प्रकाशन यहाँ से सम्पन्न हो सकता है। फिर महाराज में था इतना अहेतुक प्यार! शब्दों में नहीं बताया जा सकता। फिर मम्मी में इतना त्याग! बरसों सेवा की उन्होंने महाराज की [वे 1960 से 12 जुलाई, 1975 को उनके देहावसान तक प्राय: गुप्ता-परिवार के साथ ही रहे।] मम्मी ने पकाया, खिलाया, सेवा की; और सदा के लिए 'मम्मी' ने महाराज को पकड़ लिया।

''मुझे महाराज ने कहा था— देखो, तुम मम्मी का साथ कभी न छोड़ना। और हम भी कभी 'मम्मी' का हाथ छोड़ न पाए। आज भी मैं उन्हें पकड़े हूँ, उनका शरीर चले जाने के बाद भी। आज भी 'मम्मी' और महाराज मेरे साथ रहते हैं। 'ठाकुर' तो हैं ही। महाराज ने हमें 'ठाकुर' को पकड़वाया।''

प्रश्न : आप 'महाराज' के बारे में कुछ कहें।

उत्तर : वे बंगाल से आए हमारे उद्धार के लिए। कहाँ बंगाल, कहाँ यह जगह (चण्डीगढ़)! वे आए हमारे लिए।

प्रश्न : उनके संग का आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर : मुझे अन्दर में कोई तकलीफ़ नहीं। मन में कोई द्वन्द्व नहीं। कोई arguement नहीं। भीतर आनन्द की स्थिति है।

प्रश्न : इस आयु में शारीरिक विकार आ जाते हैं। उन्हें देख मन में कुछ होता है?

उत्तर : ऐसा तो कोई विकार लगता नहीं।

प्रश्न : मन में कुछ चलता हो?

उत्तर : ठाकुर-माँ के सिवाय कुछ नहीं। कोई पुरानी बातें नहीं। बस ठाकुर-माँ।

प्रश्न : आप वहाँ रहती हैं बहुत समय से सोलन-आश्रम में। अब आप यहाँ आई हुई हैं अपने घर में। तो क्या अब यहीं रहने की इच्छा है?

उत्तर : ना, वहीं रहने की इच्छा है। यहाँ इसलिए आई कि बच्चों को माँ का अभाव न लगे। बच्चों के मन में हो जाता है कि माँ हमारे पास रहे। तो थोड़ा आ गई।

प्रश्न : बच्चों के लिए आपके मन में क्या भाव आता है?

उत्तर : यही कि इस उम्र में मन में होता है मुझे दूसरे की help (सहायता) नहीं चाहिए। आज के बच्चे अपनी growth (विकास) ठीक से चाहते हैं। उन्हें कुछ कहना उनके काम में, उनकी growth में, बाधा देना है। वे तो यही सोचते हैं कि मैं जिस रास्ते पर जा रहा हूँ, वही ठीक है। हम भी तो जब इधर आए यानी महाराज जी से मिलते, वे हमारे यहाँ आते तो हमें भी कोई obstruction (बाधा) पसन्द नहीं थी।

प्रश्न : 'मम्मी' की कौन-सी बात याद आती है?

उत्तर : 'मम्मी' का कैसा रूप होता, उनके चेहरे पर कैसा तेज होता जब वे महाराज के साथ रहती थीं! वे कितने आनन्द में रहतीं, कैसे आनन्द में जीवन यापन करतीं! वह सब ध्यान में आता है। फिर उनका गुण था— बाँटना। अपने पास इकट्ठा करना नहीं, बाँटना।

प्रश्न : बाँटना माने क्या?

उत्तर : देना, और क्या?

''देखो, हमें गुरु मिले, जैसे हमारी पेन्शन लग गई। पेन्शन कितना बड़ा भरोसा होता है। ऐसे ही हमें जीवन का भरोसा मिला— समय पर जगना, समय पर सोना— सब स्वत: होता है। अपने-आप समय पर नींद आती है। उठाना भी किसी को नहीं पड़ता। अपने-आप उठ जाती हूँ। सब स्वत: हो रहा है।''

प्रश्न : अन्दर में कोई इच्छा शेष है?

उत्तर : कोई भी तो नहीं।

प्रश्न : आपने दीक्षा महाराज से ली?

उत्तर : हाँ, उन्होंने* कृपा की थी। पर अब तो मम्मी ने ही मुझे

---

* पूज्य महाराज ने 12 नवम्बर, 1969 को इन्हें मन्त्रदीक्षा दी थी।

पकड़ा हुआ है। वे ही अब भी, आज भी मेरे साथ चल रही हैं। महाराज ने मुझे कहा था— तुम मम्मी को मत छोड़ना। ये लोग (महाराज, साधु लोग) दूसरे का सब जीवन देख लेते हैं। साधु की आँखें सब देख लेती हैं।

घण्टा भर हो चला था। हमें लगा ये (प्रवेश जी) थक गई होंगी। हालाँकि उन्हें देख कर ऐसा कुछ भी लगा नहीं। तो भी उनसे विदा ली। सेविका उन्हें भीतर ले गई।

उनकी बहू रत्ना जी आईं। हमने उनसे विदा लेनी चाही। पर वह बोलीं— थोड़ा तो बैठो। मुझे बताओ माँ ने क्या कहा? उन्हें बताया। वह सुनकर प्रसन्न हुईं। बोलीं— ''हमारे लिए यह परम सौभाग्य की बात है कि वे यहाँ हैं और हमें उनकी सेवा का थोड़ा अवसर तो मिल रहा है।'' बोलीं— मैंने भी महाराज (स्वामी नित्यात्मानन्द जी) के दर्शन किए हैं। रोज़ गार्डन में उन्हें देखा है। यहाँ इसी कमरे में मैंने देखा कोई स्वामी बैठे हैं और अनेक भक्त सामने हैं और वे प्रवचन कर रहे हैं। बाहर प्राङ्गण में मैंने ठाकुर को और माँ को घूमते देखा है। मुझे तो मालूम नहीं माँ (माँ सारदा) कैसी दिखती थीं। पर मैंने उन्हें देखा और देखा कि माँ ठाकुर से थोड़ी लम्बी हैं। मैंने सोलन वाले महाराज (स्वामी शिवसेवानन्द जी) से बात की तो बोले— ऐसा ही था। तुमने ठीक देखा।''

मैंने कहा— आप भी धन्य हैं। आपने स्वामी जी के दर्शन किए और अब भी इन खुली आँखों से यहाँ, इस घर में उन्हें तथा ठाकुर-माँ को देख रही हैं। यह सब आपकी सेवा, अपनी सासू-माँ-सेवा का फल है।

प्रवेश जी ने मुझे बताया था— मम्मी के पास रहने से पहले महाराज यहाँ रहे थे, इसी घर में, साल भर रहे।'' पापा जी श्री धर्मपाल गुप्ता जी के सेवानिवृत्ति के पश्चात् पहली सितम्बर 1968 को रोहतक से चण्डीगढ़ आ जाने के बाद स्वामी नित्यात्मानन्द जी कुछ समय के लिए श्रीमती प्रवेश बजाज के यहाँ रहे थे और उनके बैठक-कक्ष में प्रवचन भी किया करते थे।

मैंने सोचा— महाराज रहते थे श्री म के साथ। श्री म से मिलीं उन्हें ठाकुर-माँ की बातें। तो एक तरह से वे सदा रहते ठाकुर-माँ के संग। तभी

इस घर में भी महाराज के साथ-साथ ठाकुर-माँ भी यहाँ विचरण करते हैं। रत्ना जी उन्हें अपनी खुली आँखों से यहाँ घूमते देखती हैं, निश्चय ही उन पर भी ठाकुर-कृपा है, माँ-कृपा है! वे भी सचमुच धन्य हैं।

रत्ना जी की सासू-माँ, प्रवेश जी ने महाराज की, महाराज के माध्यम से ठाकुर-माँ की सेवा की और रत्ना जी अपनी सासू-माँ की सेवा कर रही हैं। और रत्ना जी ने अपनी सासू-माँ की सेवा से सब लाभ ले लिया। वे धन्य!

साधु-सेवा, साधु-संग, सत्संग, यही है मनुष्य का कर्त्तव्य, ठाकुर कहते। इसी का सुफल प्रवेश बजाज जी के जीवन में, आगे उनकी बहू रत्ना जी के जीवन में स्पष्ट देखा।

जय ठाकुर-माँ!!

प्रस्तुति : डॉ० निर्मल मित्तल

श्री 'म' महोत्सव-2017

स्वामी नित्यात्मानन्द जी की शिष्या तथा श्री 'म' ट्रस्ट की वर्तमान अध्यक्षा श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता के मन में आया कि कुछ ऐसा किया जाए जिससे हमारे आज के युवा भी ठाकुर श्रीरामकृष्ण परमहंस की वाणी से लाभान्वित हों तथा वे भी ठाकुर के 'व्यास' श्री म तथा उनकी रचना 'कथामृत' के संग परिचय पा सकें। इस उद्देश्य से उन्होंने सोचा कि श्री म (मास्टर महाशय) की स्मृति में भाषण/पत्र-पठन आदि आयोजित हों। इसके लिए उन्होंने यहाँ के श्रीरामकृष्ण मिशन आश्रम के एक साधु के सुझाव पर वहाँ श्री म ट्रस्ट की ओर से सन् 1997 में एक लाख रुपए की धनराशि रख दी थी ताकि इसके ब्याज से मिशन आश्रम प्रति वर्ष मास्टर महाशय-स्मृति समारोह आयोजित कर सके। तदनुसार 24-25 अक्तूबर, 1998 को श्रीरामकृष्ण मिशन आश्रम, चण्डीगढ़ में यहाँ के तत्कालीन सचिव स्वामी पीताम्बरानन्द जी ने 'श्री म विशेषोत्सव' का आयोजन किया। तब से लेकर यह श्री 'म' महोत्सव प्रतिवर्ष चण्डीगढ़ मिशन आश्रम में मनाया जा रहा है।

19 नवम्बर, 2017

प्रातः आठ बजे से दोपहर एक बजे तक उत्सव रहा। वेद एवं स्तोत्र-पाठ, ध्यान, श्रीरामकृष्ण चालीसा, वचनामृत-पाठ, अष्टोत्तर नामार्चना के पश्चात् स्वामी मुक्तिदानन्द जी व स्वामी सर्वस्थानन्द जी के प्रवचन हुए।

उसमें से कुछ अंश प्रस्तुत हैं :

स्वामी मुक्तिदानन्द जी :

मास्टर महाशय ने ठाकुर की वाणी— दैवी वाणी संसार को दी 'कथामृत' के माध्यम से। वे थे व्यास ठाकुर के। जैसे गणेश जी ने वेद व्यास जी की रचना 'महाभारत' लिखी, वैसे ही मास्टर महाशय ने ठाकुर-वाणी लिखी। किसी भी अवतार की वाणी को पहली बार अधिकृत रूप से रखा श्री म ने 'कथामृत' में। कथामृत है historical record. ठाकुर की वाणी दिन, वार, तारीख सहित वर्णित है इसमें।

श्रीरामकृष्ण कहते हैं— मनुष्य-जीवन का एकमात्र उद्देश्य है, भगवान-लाभ। यह है voice of God. स्वयं कहा— जो राम, जो कृष्ण, वही हैं अब रामकृष्ण। भगवान ने स्वयं कहा, तभी विश्वास।* श्री म को बोला था— अब तुम यहीं आओगे। भगवान नारायण बने गदाधर। कैसी अद्‌भुत लीला!

कथामृत में है कैसे ठाकुर नाश करते हैं मास्टर का ego— He captures the ego of मास्टर। मास्टर इतने पढ़े-लिखे हैं, पर अध्यात्म ज्ञान का परिचय नहीं। सचमुच ज्ञान क्या है— ईश्वर को जानना ही है ज्ञान। — One who knows God is ज्ञानी. He may be a good teacher, a good engineer etc., but it is not called knowledge,ये सब जानकारियाँ हैं। संसार की प्रत्येक वस्तु परिवर्तनशील है। जो शाश्वत है, वही सत्य है। श्रीरामकृष्ण ने यह पाठ पढ़ाया मास्टर को।

ठाकुर की भाषा देखें— कितनी सरल है। कोई पण्डिताई नहीं।

फिर बताया— गृहस्थ लोग भी आध्यात्मिक जीवन जीकर भगवान को पा सकते हैं।

श्री म की स्मृतिशक्ति— It is like a taperecorder, ध्रुव स्मृति। इसीलिए कथामृत है world में unique (विश्व में अद्वितीय).

ठाकुर का जो भी है, it is all based on experience. वे आए

---

* 'स्वयं चैव ब्रवीषि मे' —गीता 10:13

संशय-राक्षस का नाश करने। The glory and significance of Kathamrita is— we can live with Him (God) through this Kathamrita.

स्वामी सर्वस्थानन्द जी :

कथामृत वस्तुतः अमृत है— कथामृतम्— ठाकुर की समस्त कथा, समस्त वाणी ही अमृत है। इसी अमृतवाणी को कहने वाले ठाकुर श्रीरामकृष्ण-सागर के किनारे बैठकर श्री म यही वाणी अपने पास आने वाले जनों को वितरित करते, उसी अमृतमय सागर-जल की कुछ बूँदों से त्रिताप से तप्त जनों को शीतल करते।

स्वामी विज्ञानानन्द (श्रीरामकृष्ण मिशन आश्रम, बेलुड़ मठ के चतुर्थ-अध्यक्ष) जी ने कहा था, ''अधिकतर संन्यासी श्री म के मुख से ही ठाकुर जी का कथामृत-पान करके, उनसे प्रेरणा पाकर यहाँ मठ में आ रहे हैं।''

श्री म का अपना जीवन देखें— नौकरी, फिर गृहस्थ। गृहस्थ में भी नाना झंझट, परिस्थितियाँ ही ऐसी थीं। इतने व्यस्त जीवन में भी थोड़ा भी समय मिलते ही ठाकुर के पास चले आते। ठाकुर की वाणी सुनकर, ठाकुर का सान्निध्य पाकर उनके मन-प्राण शीतल होते। ठाकुर ने कहा है— संसार में रहते-रहते मन अशुद्ध हो जाता है, मलिन हो जाता है। मलिन मन को शुद्ध करने के लिए बीच-बीच में निर्जन में जाना चाहिए और विचार करना चाहिए कि यह संसार अनित्य है, नश्वर है, असत्य है। एकमात्र ईश्वर ही नित्य, सत् वस्तु है। इसलिए मने, बने, कोने सर्वदा सत्-असत् विचार करोगे। श्री म ने ऐसा ही किया। अवसर मिलते ही वे ठाकुर के पास पहुँच जाते।

ठाकुर की बातों को श्री म दिन, तारीख, वार, कौन-कौन उपस्थित हैं, आदि सब कुछ अपनी डायरी में लिख लेते। बीच-बीच में ठाकुर पूछते— बोलो, क्या लिखा है। फिर बताते— नहीं, ऐसा नहीं, ऐसा है। ठाकुर का शरीर चले जाने के बाद वे गहन ध्यान में डूब कर फिर अपने डायरी-notes से 'कथामृत' लिखते।

कहना न होगा कि Thakur is most original— ठाकुर एकदम मौलिक हैं। He went directly to Mother Nature. उन्होंने समस्त ज्ञान

'माँ' से पाया है। दिव्य शक्ति और व्याकुलता के माध्यम से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया है। वे कहते— माँ राश ठेल देती हैं।

ठाकुर श्रीरामकृष्ण का सब ज्ञान है निज अनुभूति पर आधारित। उनके लिए religion is realisation. That is why it has direct appeal. ठाकुर का कहा सब सत्य है। सत्य के अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं।

कुछेक भक्तों ने भी इस अवसर पर अपनी-अपनी बात कही। उनकी बात उन्हीं के शब्दों में :

श्रीमती आशा गुप्ता

''कथामृत-पाठ हमें जिन्दा रखता है। कथामृत के पहले 16 पृष्ठ अवश्य पढ़ें। इससे हमें शिक्षा मिलती है कि हम संसार में कैसे रहें। हम ईश्वर की शक्ति से ही चल रहे हैं। एक पतीले में आलू-परवल उबल रहे हैं। नीचे आँच-जलती लकड़ी खींच लो तो उबलना झट बन्द। ऐसे ही हम हैं। हमें ईश्वर की शक्ति ही चला रही है।

कथामृत में ठाकुर हमें बता रहे हैं : ''अनासक्त होकर अपना काम करो।'' ठाकुर के पास अनेक जन आते हैं। ठाकुर उन्हें अलग-अलग प्रकार से समझा रहे हैं। हम अपना मिला लें, हमें कौन-सा तरीका अपनाना है, हमारे लिए क्या ठीक है। इसमें सभी के लिए encouragement है। कथामृत में बताए मार्ग पर चलकर हम जीवन अच्छे ढंग से बिता सकते हैं। सभी शास्त्रों का सार कथामृत में है। हम ठाकुर के बालक हैं। We are really blessed. (हम वस्तुतः धन्य हैं।)

श्रीमती मंजु तलवार :

हम श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता (श्री 'म' ट्रस्ट की द्वितीय प्रधान) के आभारी हैं, जिनकी वजह से हम प्रतिवर्ष श्री 'म' उत्सव मनाते हैं। 'कथामृत' (वचनामृत) में श्री म ने ठाकुर श्रीरामकृष्ण का जीवन्त चित्र हमारे समक्ष रख दिया है। इसे बार-बार पढ़ने से रस आता है। इसे पढ़कर ज्ञान प्राप्त होता है

कि माँ-बाप, पति-पत्नी आदि सभी सांसारिक रिश्ते हमारे बस इसी जन्म के हैं, सदा-सदा के लिए तो भगवान ही हमारे अपने हैं। कथामृत हमें यह भी सिखाता है कि साधुसंग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हमें अपनी सभी जिज्ञासाओं का समाधान साधु से ही मिलता है।

श्री ओम प्रकाश :

आज का दिन इतना शुभ है। ठाकुर-माँ की कृपा से वही धारा आज भी श्री म के माध्यम से हम तक पहुँच रही है। श्री म हम गृहस्थों को represent करते हैं। हमें जीवन में हर समय guidance चाहिए, solace चाहिए, assurance चाहिए। इसके लिए हम बैठ सकते हैं मास्टर महाशय के पास, कथामृत के पास। हमें अपने जीवन के लिए जो direction चाहिए, वह direction है कथामृत में। हम इसका प्रतिदिन पाठ करें। इससे हमारी बैटरी charge रहेगी। इसे पढ़ते-पढ़ते और कथामृत में लिखी ठाकुर-वाणी का पालन करते-करते we can feel the divinity inside us. (हम अपने अन्तर की दिव्यता को जान सकते हैं।)

श्री कृष्णकान्त अरोड़ा

श्रीरामकृष्ण कथामृत (वचनामृत)— इस पुस्तक का existence में आना आसान बात नहीं। माँ सारदा ने श्री म के मुख से ठाकुर-वाणी सुनकर कहा था, 'तुम जो कह रहे हो, वह अक्षरशः ठीक है, इसे प्रकाश में लाओ।' इस कथामृत से हमारा आत्म-विकास सम्भव है— it is instrumental. इसमें सभी बातें इतनी सरलता से कही गई हैं। It is spirituality made easy. (यह आध्यात्मिकता की कुञ्जी है।) कथामृत का नया नाम यही होना चाहिए— Spirituality made easy.

—प्रस्तुति : डॉ० निर्मल मित्तल



माँ सारदा
(1853 – 1920)

श्री 'म' ट्रस्ट के प्रकाशन

1. श्री 'म' दर्शन

बंगला संस्करण— भाग 1 से 16— स्वामी नित्यात्मानन्द

श्री 'म' दर्शन महाकाव्य में ठाकुर, माँ सारदा, स्वामी विवेकानन्द तथा अन्यान्य संन्यासी एवं गृही भक्तों के विषय में नूतन वार्त्ताएँ हैं। और इसमें है कथामृतकार श्री 'म' द्वारा 'कथामृत' के भाष्य के साथ-साथ उपनिषद्, गीता, चण्डी, पुराण, तन्त्र, बाइबल, कुरान आदि की अभिनव सरल व्याख्या।

2. श्री 'म' दर्शन

हिन्दी संस्करण— भाग 1 से 16

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता द्वारा बंगला से यथावत् हिन्दी-अनुवाद।

3. श्री 'म' दर्शन

अंग्रेज़ी संस्करण— ('M.'— The Apostle and the Evangelist)

श्री 'म' दर्शन ग्रन्थमाला का अंग्रेज़ी-अनुवाद प्रोफेसर धर्मपाल गुप्ता ने 'M.'— The Apostle and the Evangelist नाम से किया है। ट्रस्ट के पास प्रथम तेरहवाँ एवं पन्द्रहवाँ भाग उपलब्ध हैं। शेष चौदह एवं सोलह अभी मुद्रण-प्रकाशन-प्रक्रिया में हैं।

4. Sri Sri Ramakrishna Kathamrita Centenary Memorial

प्रोफेसर धर्मपाल गुप्ता और पद्मश्री श्री डी०के० सेनगुप्ता द्वारा अंग्रेज़ी में सम्पादित बृहद् ग्रन्थ, जिसमें ठाकुर श्रीरामकृष्ण, 'कथामृत', श्री 'म' और 'श्री म दर्शन' पर श्रीरामकृष्ण मिशन के संन्यासियों समेत अनेक गणमान्य विद्वानों के शोधपूर्ण लेख हैं।

5. A Short Life of Sri 'M.'

स्वामी नित्यात्मानन्द जी महाराज के मन्त्र-शिष्य और श्री 'म' ट्रस्ट के भूतपूर्व सचिव, प्रोफेसर धर्मपाल गुप्ता द्वारा अंग्रेज़ी में लिखी गई श्री 'म' की संक्षिप्त जीवनी।

6. **Life of M. and Sri Sri Ramakrishna Kathamrita**

प्रोफेसर धर्मपाल गुप्ता द्वारा लिखित श्री 'म' के जीवन तथा 'कथामृत' पर शोध प्रबन्ध।

7. **श्री श्री रामकृष्ण कथामृत (हिन्दी संस्करण— भाग 1 से 5)**

श्री महेन्द्रनाथ गुप्त (श्री म) ने ठाकुर रामकृष्ण परमहंस के श्रीमुख-कथित चरितामृत को अवलम्बन करके ठाकुरबाड़ी (कथामृत भवन), कोलकता-700 006 से 'श्री श्री रामकृष्ण कथामृत' का (बंगला में) पाँच भागों में प्रणयन एवं प्रकाशन किया था। इनका बंगला से यथावत् हिन्दी अनुवाद करने में श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता ने भाषा-भाव-शैली— सभी को ऐसे सरल और सहज रूप में संजोया है कि अनुवाद होते हुए भी यह ग्रन्थमाला मूल बंगला का रसास्वादन कराती है।

8. **Sri Sri Ramakrishna Kathamrita (English Edition)**

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता के हिन्दी-अनुवाद से प्रोफेसर धर्मपाल गुप्ता द्वारा कथामृत का अंग्रेज़ी-अनुवाद। सभी पाँचों भाग प्रकाशित।

9. **नूपुर (वार्षिक स्मारिका)**

श्री म ट्रस्ट के संस्थापक और हम सब के पूजनीय गुरु महाराज स्वामी नित्यात्मानन्द जी के 101वें जन्मदिन पर उनकी स्मृति में 'नूपुर' नाम से सन् 1994 ईसवी में इस स्मारिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। उसी स्मारिका ने अब वार्षिक पत्रिका का रूप ले लिया है, जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त ठाकुर रामकृष्ण परमहंस, माँ सारदा, श्री म, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी नित्यात्मानन्द, 'श्री म दर्शन' आदि के बारे में प्रचुर सामग्री रहती है। साथ ही 'कथामृत'कार श्री 'म' के द्वारा 'श्री 'म' दर्शन' में कही उन बातों को भी प्रकाश में लाया जाता है, जो 'श्री श्री रामकृष्ण कथामृत' में नहीं हैं।

10. **लाइयाँ ते तोड़ निभाइयाँ (स्मारिका)**

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता के 100वें जन्मदिवस पर सन् 2015 में यह स्मारिका प्रकाश में आई।

❖